## महत्वपूर्ण एवं खास

### माघी पुन्नी पर श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डूबकी 9 को

» कबीर पंथी मेला जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रदेश की खारून, महानदी, शिवनाथ, अरपा, केलो, सहित अनेक नदियों में भक्त सुबह से ही 9 फरवरी को पुण्य स्नान कर भगवान के दर्शन करेंगे। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ के महाकुंभ राजिम में भी माघ पुन्नी के अवसर पर विशाल माघ मेले का आयोजन किया गया है जहां प्रदेश सहित आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महानदी का पुण्य स्नान कर भगवान राजीव लोचन एवं कुलेश्वर महादेव के दर्शन करेंगे। बसंत पंचमी से प्रारंभ हुआ कबीर पंथी मेले का आयोजन प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दामाखेड़ा में आयोजित किया गया है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर महात्मा कबीर के दिये संदेशों को प्रचारित प्रसारित करने के साथ ही भजन कीर्तन में भाग ले रहे हैं।

### बजट सत्र के लिए प्रश्नों का लगना शुरू

» अब तक 588 प्रश्न लगे

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के लिए विधायकों द्वारा प्रश्न लगाना शुरू कर दिए है। अब तक 588 प्रश्न लगाए जा चुके है। छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम सत्र 24 फरवरी से 01 अप्रैल तक प्रस्तावित है। इस सत्र के लिए प्रश्न लगाने का सिलसिला 01 फरवरी से शुरू हो चुका है। 01 फरवरी 10 प्रश्न लगाए गए थे, जबकि 03 फरवरी को 523 प्रश्न एवं 04 फरवरी को 55 प्रश्न लगाए गए है। इस तरह अब तक कुल 588 प्रश्न सदस्यों द्वारा लगाए गए है। इनमें 313 तारांकित एवं 275 अतारांकित प्रश्न है। वहीं अभी प्रश्नों के लगने का सिलसिला जारी रहेगा।

### मैकेनिकल इंजीनियरिंग इन्फार्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट के लिए वर्कशॉप का 5 दिवसीय आयोजन प्रारंभ

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर। एनआईटी रायपुर के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पांच दिवसीय मैकेनिकल इंजीनियरिंग,इन्फार्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट 2020 में नेशनल वर्कशॉप का आयोजन 8 फरवरी तक किया जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिकों और स्नातकोत्तर के लिए मैकेनिकल,धातुकर्म औदयोगिक इंजिनीरिंग और प्रबंधन के क्षेत्र में प्रदर्शनकारी उदहारण के साथ व्याख्यान के माध्यम से प्रख्यात विशेषज्ञों के ज्ञान को पहचान करना है। कार्यशाला के प्रथम दिन डॉ. शुभ्रता गुप्ता डीन.आरसी. मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रही।कार्यक्रम में डॉ. सोफ़ेन जेना,ग्लोबल इंजीनियर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल रहे । डॉ. सोफेन जेना ने अंडरस्टैंडिंग दा टर्बुलेन्स फ्लो फ्रॉम ए.बी. एईटीओ विषय पर अपना व्याख्यान दिया।कार्यशाला समन्वयक डॉ. सूरज कुमार मुक्ति और डॉ. एस . डी. पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

### टीम रिकवरस ने किया 100 प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का आविष्कार

**रायपुर (आरएनएस)।** एनआईटी की टीम रिकवरस ने किया 100 प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का आविष्कार इस के लिए टीम रिकवरस को पुकार फेस्ट और विज्ञानं फेस्ट में प्रथम पुरस्कार दिया गया।राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के तीन छात्रों की टीम 'रिकवरस' ने कॉर्न स्टार्च का उपयोग करके 100प्रतिशत बायो डिग्रेडेबल प्लास्टिक का अविष्कार किया है। निखिल वर्मा, कृष्णेंदु और निहाल पांडे ने मिलकर यह अविष्कार किया है।टीम ने बताया की यह अविष्कार प्रयोगशाला परीक्षणों पर प्रमाणित है। यह प्लास्टिक 100प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल है। और यह सामान्य प्लास्टिक से बिलकुल अलग है।

### जहर देकर पांच मवेशियों को मार डाला


» अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** जहर देकर पांच मवेशियों को मौत के घाट उतारने का मामला प्रकाश में आया है। घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के गांधी ग्राम सोनहा की है। प्रार्थी केशव यदू निवासी गांधी ग्राम नकटा मंदिरहसौद ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि कोई अज्ञात आरोपी ने 18 जनवरी 2020 की देर रात में उसकी पांव मवेशी को जहर देकर मार डाला। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 429 के तहत जुर्म दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है।

# नवनिर्वाचित अध्यक्षतों एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल-मंत्री डॉ. शिव डहरिया

## » पौनी-पसारी, मोर जमीन मोर मकान और मोर मकान मोर चिन्हारी योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश

» लगभग साढ़े चार करोड़ रूपए के विकास कार्यों की घोषणा



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया बलौदाबाजार जिले के विकासखण्ड बिलाईगढ़ अंतर्गत नगर पंचायत टुण्ड्रा, भटगांव और बिलाईगढ़ के नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर इन नगर पंचायतों में विकास कार्यों के लिए लगभग साढ़े चार करोड़ रूपए के विकास कार्यो की घोषणा की। इनमें नगर पंचायत टुण्ड्रा में निर्माण कार्यों के लिए 50 लाख रूपए, नगर पंचायत भटगांव में गौरवपथ के लिए एक करोड़ रूपए, विभिन्न विकास कार्यों के लिए 50 लाख रूपए, राजीव गांधी की प्रतिमा स्थापना एवं तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 25 लाख और आदिवासी भवन के लिए 5 लाख रूपए शामिल है। इसी प्रकार नगर पंचायत बिलाईगढ़ में विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रूपए, कृषक भवन के लिए 5 लाख रूपए, अधिवक्ता संघ के लिए दो लाख रूपए, खेल चेजिंग रूम के लिए 5 लाख रूपए के साथ ही विभिन्न स्थानों पर बोर खनन की घोषणा की गई है। डॉ. डहरिया ने इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्षतों और पार्षदों को शपथ दिलाते हुए कहा कि वे कल्याणकारी योजना का लाभ आम जनता तक पहुंचाने में सहभागी बने।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं पौनी-पसारी, मोर जमीन मोर मकान और मोर मकान मोर चिन्हारी योजना का बेहतर क्रियान्वयन करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों हित में प्राथमिकता से काम कर रही है। प्रदेश के गरीबों, पिछड़ों के साथ-साथ सभी वर्गों के परिवारों को सस्ते दामों पर राशन उपलब्ध करा रही है। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना को क्रियान्वयन कर सहेजने का काम कर रही है।

साथ ही इस योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को सहेजने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एक वर्ष किए गए काम को प्रदेश की जनता ने सराहा है।

# समाज कल्याण विभाग के कथित एनजीओ मामले में सीबीआई ने दर्ज किया एफआईआर

**बिलासपुर (आरएनएस)। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित बताए गए एनजीओ के मसले पर बीते 30 जनवरी को हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेश का परिपालन सीबीआई ने कर दिया है।**

सीबीआई की ओर से यह जानकारी दी गई है कि, उसकी ओर से एफआईआर दर्ज कर ली गई है। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित बताए गए एनजीओ को कागज़ी मानते हुए हाईकोर्ट की डबल बेंच जिसमें जस्टिस प्रशांत मिश्रा और जस्टिस पी पी साहू शामिल हैं, के द्वारा सीबीआई को सात दिनों के भीतर एफआईआर दर्ज किए जाने के निर्देश दिए गए थे। हाईकोर्ट ने बीते 30 जनवरी को सार्वजनिक किए आदेश में दर्जन भर नामों का उल्लेख करते हुए सीबीआई को एफआईआर के निर्देश दिए थे।

पूर्व आईएएस बी एल अग्रवाल समेत दो ने इस मसले पर रिव्यू आवेदन दायर किया था, राज्य की ओर से भी आज रिव्यू का आवेदन दिया गया था। रिव्यू के दौरान सीबीआई की ओर से उपस्थित एएसजी गोपा कुमार ने कोर्ट को बताया कि सीबीआई इस मसले पर हाईकोर्ट के निर्देशानुसार एफआईआर दर्ज कर चुकी है। एनजीओ मामले में सीबीआई ने यह एफआईआर भोपाल में दर्ज किया है, इस एफआईआर का नंबर आरसी-222/2020 है।

## नेट बैंकिंग के जरिए मकान मालिक से 19 लाख की ठगी



**रायपुर (आरएनएस)।** नेट बैंकिंग के जरिए एक किरायेदार ने अपने मकान मालिक से 19 लाख रूपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की रिपोर्ट गंज थाना में दर्ज कराई गई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी डा. नीरू रामटेके सेक्टर 3 देवेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी के मकान में आरोपी राजेश कुमार चंदा जो मुलतः गुड़गांव का रहने वाला है किराये पर रहता है। प्रार्थी द्वारा पुलिस को दी जानकारी के अनुसार आरोपी राजेश ने कहीं पर पांच लाख रूपये निवेश कराने के लिए थे। इस दौरान आरोपी ने डा. नीरू को अपने झांसे में लेकर उससे मोबाईल बैंकिंग, नेट बैंकिंग एवं क्रेडिट कार्ड की भी जानकारी ले। जिसके बाद आरोपी ने उसके खाते से 19 लाख रूपये आहरण कर लिया। इसका पता चलने पर डा. नीरू ने घटना की शिकायत थाने में की। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 406 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले की जांच जारी है।

## » बालकों ने योजना बनाकर गोविंदा कुर्रे की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई

# आठवीं के छात्र की छात्रावास में लाठी-डंडा मारकर हत्या



**पत्थलगांव (आरएनएस)।** धरमजयगढ़ से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है, जिसमें प्री-मैट्रीक आदिवासी बालक छात्रावास पखनाकोट में कक्षा आठवीं की पढ़ाई करने वाला गोविंदा कुर्रे नामक बालक की छात्रावास के ही कुछ बालकों ने बुरी तरह से मारपीट की थी, उपचार के दौरान पीड़ित बालक की मौत हो गई। मामले में मृत बालक के परिजनों ने कापू थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है। बताया गया कि बालक गोविंदा कुर्रे का छात्रावास में ही रहने वाले कुछ छात्रों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद छात्रावास के अन्य बालकों ने योजना बनाकर गोविंदा कुर्रे की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी थी। बालक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

## किसानों की मांगों पर सरकार करे विचार : सिंहदेव

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के धान खरीदी की तारीख आगे न बढ़ाए जाने के बयान के बाद अब सत्ता के ही एक वरिष्ठ नेता ने धान खरीदी की तिथि आगे बढ़ाने की मांग पर विचार करने का बयान दिया है। ज्ञात हो कि धान खरीदी के मुद्दे पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने हाल ही में बयान दिया था कि धान खरीदी की तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव का बयान आया है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना - राजधानी में 25 फरवरी को वृहद सामूहिक विवाह आयोजन

### » आशीर्वाद देने मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायकगण होंगे शामिल

» पंजीयन 15 फरवरी तक



**रायपुर।** महिला एंव बाल विकास विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 25 फरवरी को वृहद रूप से सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश कर रहे वर-वधुओं को आशीर्वाद देने के लिए मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, विधायक सहित गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। सामूहिक विवाह के लिए 350 जोड़ों का पंजीयन किया जा चुका है। विवाह हेतु पंजीयन 15 फरवरी तक जारी रहेगा। इच्छुक माता-पिता निकट के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर अपने बेटे अथवा बेटियों की शादी के लिए पंजीयन करा सकते हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विभाग के द्वारा प्रति जोड़ा 25 हजार रूपए तक व्यय किया जाएगा। इसमें से 20 हजार रूपए तक की सामग्री वर-वधू को प्रदान की जाएगी तथा शेष 5 हजार रूपए प्रति जोड़े वैवाहिक कार्यक्रमों के विभिन्न आयोजनों में खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के कार्डधारी परिवार 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रथम दो कन्याओं की शादी के लिए आवेदन कर सकते हैं। उक्त विवाह में गरीबी रेखा का किसी प्रकार का बंधन नहीं है। वधु का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है तथा वर की उम्र 21 वर्ष या उससे अधिक होना चाहिए। पंजीयन के लिए निर्धारित प्रपत्र में मुख्यमंत्री खाद्यान्न कार्ड की कॉपी तथा आयु के प्रमाणीकरण हेतु वर एवं वधु का शैक्षणिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

# दधिचि आयरन एंड स्टील प्रा.लि. के डायरेक्टर रायपुर एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)। जीएसटी में भारी भरकम घोटाला कर जयपुर फरार होने की फिराक में एयरपोर्ट पहुंचे दधिचि आयरन एंड स्टील प्रा.लि. के डायरेक्टर प्रकाश बिहारी लाल दधिचि को गिरफ्तार किया गया है।**

## » 400 करोड़ के जीएसटी गबन करने का आरोप



केन्द्रीय जीएसटी इंटेलिजेंस विभाग की रिपोर्ट पर रायपुर एयरपोर्ट पर इंटेलिजेंस की टीम ने उन्हें गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि प्रकाश बिहारी के पास से 89 लाख 50 हजार नगदी भी बरामद किया गया है। इसके बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि प्रकाश बिहारी लाल दधीचि ने सात से दस अन्य फर्जी कंपनी बनाकर मार्च 2018 से अक्टूबर 2019 के बीच बोगस बिल के आधार पर 400 करोड़ रुपए के जीएसटी का गबन किया था। गौरतलब है कि 31 जनवरी को डीजीजीआई आरजेडयू के अतिरिक्त महानिदेशक अजय कुमार पांडेय के निर्देश पर संयुक्त निदेशक नेम सिंह सहित 100 से अधिक अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में दबिश दी थी।

बताया गया कि जीएसटी की टीम ने मेसर्स दधिचि आयरन एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और ओडिशा की कंपनियों पर छापेमार कार्रवाई की की।

## संस्कृति मंत्री ने दी 34 हितग्राहियों को 4.80 लाख रूपए की सहायता

**रायपुर।** खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने अपने स्वेच्छा अनुदान मद से 34 हितग्राहियों को 4 लाख 80 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। भगत ने धरमनगर रायपुर की कुमारी युक्तामुखी धनगढ़ को उच्च शिक्षा के लिए 15 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। जशपुर जिले के हॉली क्रॉस स्कूल घोलेंग के श्री सुरेश तिर्की और विनय प्राथमिक शाला पोरतेंगा के श्री प्रभुदास पन्ना को खेल सामग्री खरीदने के लिए 25-25 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। जशपुर जिले की ग्राम आरा के श्री जागेश्वर राम, ग्राम टेकूल के श्री छोटन राम, पोरतेंगा के श्री कष्टू राम, लोखण्डी के श्री जुनाराम, सारूडीह के रामदयाल राम और पोड़ी के श्री जगरनाथ राम, ग्राम कोमड़ो रामदयाल मांझी, ग्राम लोखण्डी के जुना नायक को करमा, बाजा और सैला नृत्य के लिए 10-10 हजार रूपए तथा सरगुजा जिले की ग्राम बरगवां के श्रीमती सीता देवी और ग्राम मोतीपुर के श्री प्रकाश राम को अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। सरगुजा जिले की ग्राम पोकसरी के कु0 चन्द्रमुनी तिर्की और बालोद जिले के ग्राम डौण्डीलोहारा के हीरा यादव को इलाज के लिए 25-25 हजार रूपए, डौण्डीलोहारा के गणेश निषाद और सतनामी पारा रायपुर के श्री श्रवण कुमार घृतलहरे को 15-15 हजार रूपए, सरगुजा जिले की ग्राम पंचायत बतौली के श्री नेहरू गुप्ता एवं ग्राम रतनपुर की श्रीमती मीरा बाई को 25-25 हजार रूपए तथा रायपुर जिले के ग्राम सीगारभाटा के रमला बाई को 20 हजार रूपए इलाज के लिए स्वीकृत की गई है। बालोद जिले के ग्राम सिवनी के कु0 खिलेश्वरी साहू, पार्वती मुढिहार को शिक्षा के लिए 25-25 हजार रूपए और डौण्डीलोहारा के त्रिवेन्द्री बाई को 10 हजार रूपए की सहायता स्वीकृत की गई है।

# वनोपज बनेगा ग्रामीणों की आजीविका का आधार राज्य सरकार ने तैयार की विस्तृत कार्ययोजना

## » समर्थन मूल्य पर वनोपज क्रय से लगभग 4 लाख संग्राहक होंगे लाभान्वित

- » 22 लघु वनोपजों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किया जाएगा संग्रहण
- » महिला स्व-सहायता समूह हाट बाजारों में करेंगी लघु वनोपजों का क्रय
- » वन धन विकास केन्द्र में होगा लघु वनोपजों का प्राथमिक प्रसंस्करण
- » प्रसंस्करण की कमान संभालेंगी समूहों की 50 हजार महिलाएं




**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप प्रदेश में लघु वनोपजों के संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से ग्रामीणों को आजीविका से जोड़ने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। राज्य सरकार द्वारा 22 लघु वनोपजों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लिया गया है। परियोजना के माध्यम से वनोपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी से लगभग 4 लाख संग्राहक लाभान्वित होंगे। वनोपज के व्यापार से महिला स्व-सहायता समूहों को भी जोड़ा जाएगा। महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं हाट बाजारों में लघु वनोपजों का क्रय करेंगी और वन-धन विकास केन्द्रों पर लघु वनोपजों के प्राथमिक प्रसंस्करण के काम में भी जुटेंगी। इसके माध्यम से लगभग 5500 महिला स्व-सहायता समूहों की 50 हजार से अधिक महिलाएं लाभान्वित होंगी।

परियोजना तैयार करने के पहले लघु वनोपज बाजार का सर्वेक्षण वन क्षेत्रों के आसपास के 1082 हाट बाजारों में 480 प्रशिक्षित दल के सदस्यों द्वारा कराया गया। सर्वेक्षण से स्पष्ट हुआ कि 839 हाटबाजारों में 3000 से अधिक गांवों के ग्रामीणों द्वारा लघु वनोपज का संग्रहण कर विक्रय के लिए लाया जाता है। यह जानकारी भी मिली कि व्यापारिक महत्व की 80 प्रजाति की 1200 करोड़ रुपए मूल्य की वनोपजों का विक्रय ग्रामीणों द्वारा हाट बाजारों में किया जाता है। लघु वनोपज संग्रहण और प्राथमिक प्रसंस्करण- बाजार सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी के आधार पर लघु वनोपज के उत्पादन की जानकारी तैयार की गयी।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU